# चीनी निर्यात कोटा बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं

**सरकार** सितंबर में समाप्त होने वाले इस विपणन वर्ष में चीनी निर्यात के मौजूदा 60 लाख टन कोटा को बढ़ाने के किसी प्रस्ताव पर फिलहाल विचार नहीं कर रही है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने यह जानकारी दी। खाद्य मंत्रालय ने चालू विपणन वर्ष 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए 60 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है। विपणन वर्ष 2021-22 में देश ने लगभग 110 लाख टन चीनी का निर्यात किया था, जो अब तक का सर्वाधिक निर्यात है। हमारा अनुमान है कि चीनी उत्पादन पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 9 लाख टन कम हो रहा है। *भाषा*